# बिहार सरकार

# पंचायती राज विभाग

## **प्रेस विज्ञप्ति**

पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के विज्ञापन संख्या–6394 के द्वारा तकनीकी सहायक के रिक्त पदों पर नियोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया जाना है। नियोजन से संबंधित शर्तें निम्नवत् हैः–

(i) आवेदक के द्वारा किसी एक जिले में ही आवेदन किया जा सकता है।

(ii) ऑनलाईन आवेदन पंचायती राज विभाग के विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक https://zp.bihar.gov.in पर करना होगा।

(iii) अभ्यर्थियों द्वारा Online आवेदन में भरी गई सूचना के आधार पर उम्मीदवार की पात्रता/अपात्रता के संबंध में निर्णय लिया जायेगा।

(iv) आवेदकों द्वारा भरी गयी सूचना ही अंतिम रूप से मान्य होगा तथा उसी के आधार पर Counseling में मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

(vi) वेबसाइट– https://zp.bihar.gov.in पर उपलब्ध शपथ–पत्र को नोटरी से बनाकर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

(vii) इस नियोजन की अवधि 31 मार्च, 2026 तक के लिए होगी। आवश्यकता होने पर सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन से सेवा अवधि विस्तार किया जा सकेगा। अवधि विस्तार का दावा कोई मान्य नहीं होगा।

(viii) शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त **पॉलिटेकनिक से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा** होगी। **कुल रिक्त पदों का आरक्षण कोटिवार 40 प्रतिशत पद राज्य के अधीन सरकारी पॉलिटेकनिक संस्थानों से असैनिक डिप्लोमाधारी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रहेंगे।**

विज्ञापन से संबंधित सभी सूचना पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट– **https://zp.bihar.gov.in** पर देखा जा सकता है। अभ्यर्थियों द्वारा नियोजन से संबंधित सभी शर्तें विज्ञापन के अनुसार दिनांक–26.05.2025 से भरी जायेंगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

(आनन्द शर्मा)
निदेशक

**PR. No. 004007 (Panchayati Raj) 25-26**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# पंचायती राज विभाग
## बिहार सरकार

बिहार सरकार

# तकनीकी सहायक

राज्य सरकार के सात निश्चय योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण निश्चय योजना एवं विभागीय अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण पंचायती राज विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इन योजनाओं के प्रभावी प्रबंधन हेतु **तकनीकी सहायक के रिक्त पदों पर संविदा नियोजन** करने का निर्णय लिया गया है।

**पद का नाम:**— तकनीकी सहायक

**पदों की संख्या:**— 942

**मानदेय:**— 27000 प्रतिमाह

**शैक्षणिक योग्यता:**— मान्यता प्राप्त पॉलिटेकनिक संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा

## आवेदन की तिथि

दिनांक **26/05/2025** से **25/06/2025** तक दिए गए वेबसाइट **https://zp.bihar.gov.in** पर फॉर्म समर्पित किया जा सकेगा।